GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD

(A Sikh Minority Degree College Affiliated to BBMK University, Dhanbad)
NAAC Accredited

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो

द्वारा

{ डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण }

दिनांक :- 18-03-2026   समय :- सुबह 11:00 बजे

स्थान :- रूसा सेमिनार हॉल, भूदा कैंपस, धनबाद

गुरु नानक महाविद्यालय में डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

धनबाद, 18 मार्च 2026।

आईआईटी (काशी हिंदू विश्वविद्यालय) के TICE प्रोजेक्ट के तहत माइंडशेयर, हक़दर्शक और राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के संयुक्त तत्वावधान में आज गुरु नानक महाविद्यालय, भूदा परिसर में डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में आईआईटी (काशी हिंदू विश्वविद्यालय) के रिसर्च फेलो तथा माइंडशेयर के महासचिव डॉ. सैय्यद जुल्फी, हक़दर्शक के वाइस चेयरमैन श्री जतिन खन्ना तथा हक़दर्शक झारखंड के प्रतिनिधि श्री अमोल गायकवाड ने मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय वित्तीय प्रणाली की संरचना, डिजिटल लेन-देन में सावधानियाँ, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव, मोबाइल एवं इंटरनेट के सही उपयोग तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के NCS रोज़गार कार्ड तथा गुरुजी शिक्षा क्रेडिट कार्ड बनवाने में सहायता की गई। जिन विद्यार्थियों के पास पैन कार्ड नहीं था, उनके पैन कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी पूरी कराई गई। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को झार नियोजन योजना से लाभान्वित कराने में भी मार्गदर्शन दिया गया।

विशेष बात यह रही कि एनएसएस के स्वयंसेवकों ने इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर न केवल स्वयं लाभ उठाया, बल्कि उन्होंने अन्य छात्र-छात्राओं के कार्ड बनवाने में सक्रिय रूप से सहयोग भी किया। आगे भी ये स्वयंसेवक प्रशिक्षित होकर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने में मदद करेंगे।

कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योजनाओं से संबंधित अपने कार्ड बनवाए।

इस कार्यक्रम का आयोजन गुरु नानक महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. रंजना दास के मार्गदर्शन में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी यूनिट−1 प्रो. दलजीत सिंह तथा यूनिट−2 प्रो. अभिषेक सिन्हा की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भूदा परिसर के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. दीपक कुमार, प्रो. मीना मलखंडी, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. किरण सिंह, प्रो. मुकेश महतो सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

GURU NANAK COLLEGE, DHA
(A Sikh Minority Degree College Affiliated to BBMK Universi
NAAC Accredited
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं द
द्वारा
{ डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता प्र
दिनांक :- 18-03-2026 समय :
स्थान :- रूसा सेमिनार हॉल, भू
GLOBUS

हकदर्शक
IIT
MINDSHARE
Digital & Financial Literacy
TRAINING
Syed Zulfi
GLOBUS

GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD

शहर 30s

गुरुनानक कॉलेज में डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज में बुधवार को डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीबीएमकेयू एनएसएस, आईआईटी बीएचयू, माइंड शेयर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ सैय्यद जुल्फी, जतिन खन्ना, अमोल गायकवाड ने भारतीय वित्तीय प्रणाली की संरचना, डिजिटल लेन-देन में सावधानियां, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव, मोबाइल व इंटरनेट के उपयोग व विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। मौके पर प्रो दलजीत सिंह, प्रो अभिषेक सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

Hindustan
Dated :- 19-03-26

गुरु नानक कालेज में डिजिटल साक्षरता को प्रशिक्षण कार्यक्रम

जासं, धनबाद : आइआइटी बीएचयू के प्रोजेक्ट के अंतर्गत माइंडशेयर; हकदर्शक और राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से बुधवार को गुरु नानक कालेज भूदा परिसर में डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण हुआ। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।

आइआइटी बीएचयू के रिसर्च फेलो तथा माइंडशेयर के महासचिव डा.सैय्यद जुल्फी, हकदर्शक के वाइस चेयरमैन जतिन खन्ना तथा झारखंड के प्रतिनिधि अमोल गायकवाड़ ने छात्रों को संबोधित किया। भारतीय वित्तीय प्रणाली की संरचना, डिजिटल लेनदेन में सावधानियां, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव, मोबाइल एवं इंटरनेट के सही उपयोग के बारे में बताया। एनसीएस रोजगार कार्ड तथा गुरुजी शिक्षा क्रेडिट कार्ड बनवाने में सहायता की गई।

Dainik Jagran
Dated :- 19-03-2026

दैनिक भास्कर

धनबाद 19-03-2026

जीएन कॉलेज : वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव व इंटरनेट के सही उपयोग की दी गई जानकारी

धनबाद | गुरु नानक कॉलेज, धनबाद में डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। आयोजन आईआईटी (बीएचयू) के टीआईसीईई प्रोजेक्ट के तहत माइंडशेयर, हकदर्शक और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। माइंडशेयर के महासचिव डॉ. सैय्यद जुल्फी, हकदर्शक के वाइस चेयरमैन जतिन खन्ना व झारखंड प्रतिनिधि अमोल गायकवाड ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। भारतीय वित्तीय प्रणाली की संरचना, डिजिटल लेन-देन में सावधानियां, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव, मोबाइल व इंटरनेट के सही उपयोग और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के तरीके बताए। सभी छात्र-छात्राओं के एनसीएस रोजगार कार्ड और गुरुजी शिक्षा क्रेडिट कार्ड बनवाने में मदद भी की। कई विद्यार्थियों के पैन कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी पूरी कराई गई।